# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VII- 3rd Lang | Department: Hindi | Date of submission: Keep in File |
| --- | --- | --- |
| Question bank | Topic: अब यह चिड़िया कहाँ रहेगी | Prepared by: Surendra Thakur |

पाठ - **अब यह चिड़िया कहाँ रहेगी**(Question bank : Literature and grammar)

प्रश्नोत्तर - मौखिक -

प्रश्न क. चिड़िया किस दुःख से कर्राती होगी ?

उत्तर : घोंसला टूट जाने और अंडे फूट जाने के कारण चिड़िया कर्राती होगी ।

प्रश्न ख. कौन - सी चिड़िया घर में घोंसला बनाती है ?

उत्तर : गौरैया घर में घोंसला बनाती है ।

लिखित प्रश्न-

प्रश्न क. बच्चों ने चिड़िया के लिए क्या खोला ?

उत्तर : बच्चों ने चिड़िया के लिए घर की अलमारी को खोला ।

प्रश्न ख. चिड़िया के रहने की समस्या कब पैदा हुई ?

उत्तर : तेज़ आँधी के कारण जब चिड़िया का घोंसला टूट गया तब उसके रहने की समस्या पैदा हुई ।

प्रश्न ग. बच्चों ने चिड़िया को घर में रहने के लिए क्या-क्या किया ?

उत्तर: बच्चों ने चिड़िया को घर में रखने के लिए अपने घर की अलमारी खोल दी और वे चिड़िया के टूटे अंडों को जोड़ने की सोच रहे थे |

पाठ्य पुस्तक --1 सही विकल्प चुनिए। ( Pg.67 )

उत्तर : क - आँधी , ख - घोंसला , ग - कर्राती ( only in textbook )

## व्याकरण तथा रचना:

1. इन श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के सही अर्थ जानिए : ( Pg.69 )

| | |
|---|---|
| क. अनिल | - हवा |
| ख. अनल | - आग |
| ग. ग्रह | - नक्षत्र |
| घ. गृह | - घर |
| ङ. चालक | - वाहन चलानेवाला |
| च. चालाक | - चतुर |
| छ. दवात | - स्याही की बोतल |
| ज. दावत | - भोज |

2. इन शब्दों के अर्थ हिंदी में जानिए : (Pg. 69)

| | |
|---|---|
| Bird | - चिड़िया / पक्षी |
| Home | - घर |
| Tree | - पेड़ / वृक्ष |
| Nest | - घोंसला |

3. प्रश्नसूचक शब्दों से वाक्य बनाइए (pg.69)

क. किससे : तुम किससे बात कर रहे थे ?

ख. कहाँ : तुम कहाँ जा रहे हो ?

ग. कैसे : आप कैसे हैं ?

घ. क्या : तुम क्या खा रहे हो ?

4. **शुद्ध वर्तनी लिखिए ( Write correct spelling )**

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| आंधी | आँधी |
| जकोंर | झकोर |
| गोंसला | घोंसला |
| चिड़ीया | चिड़िया |
| पक्षि | पक्षी |
| आशिर्वाद | आशीर्वाद |

5. उपसर्ग

आ - आजीवन, आजन्म

उप - उपवन, उपदेश

वि - विदेश, विज्ञान

बद - बदनाम, बदतमीज़

6. प्रत्यय

पन - बचपन, लड़कपन

कार - चित्रकार, पत्रकार

ता - सुंदरता, मानवता

आ - भूखा, प्यासा

7. अनेकार्थी ------

| | | |
|---|---|---|
| काल | - समय, | मृत्यु |
| उत्तर | - जवाब, | एक दिशा |
| पर | - पंख, | परंतु |
| आम | - एक फल, | साधारण |
| बाल | - केश, | बालक |